Website www.lnjc.ac.in
Email- principallnjcjjp@gmail.com

☎: 222237

# ललित नारायण जनता महाविद्यालय

झंझारपुर(मधुबनी)
(ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई)

पत्रांक......XXX.......                                                    दिनांक 27/07/24

## सूचना

विश्वविद्यालय के ज्ञापांक छा0क0–63/24 दिनांक 27.07.2024 के आलोक में चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र 2024–28 (सी0बी0सी0एस0) पाठ्यक्रम में स्पॉट नामांकन (Spot Admission) **"पहले आओ पहले पाओ''** नीति के आधार पर रिक्त सीट के विरूद्व दिनांक **29.07.2024** से **03.08.2024** तक ऑफलाईन मोड अर्थात **महाविद्यालय काउन्टर** के माध्यम से लिया जाएगा।

ज्ञात हो कि उक्त सूचना के साथ ज्ञापांक छा0क0–63/24 दिनांक 27.07.2024 का अक्षरशः पालन होगा जो सूचना के साथ संलग्न है।

Mh9 27.7.24

27.7.24 प्रधानाचार्य

Principal
L.N.J. College
Jhanjharpur

# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः ..................

दिनांक ..............

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,
ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2024–28 (सी0बी0सी0एस0) में ऑनलाईन आवेदन किये हुए छात्र/छात्राओं का स्पॉट नामांकन (Spot Admission), मेजर (Major) एवं माईनर (Minor) विषय में परिवर्तन (Slide-up) करने एवं पूर्व में ऑनलाईन आवेदन से वंचित छात्र/छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन कर स्पॉट नामांकन (Spot Admission) लेने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा), सत्र 2024–28 (सी0बी0सी0एस0) के तहत द्वितीय चयन सूची से नामांकन के उपरान्त कई विषयों में कुछ हीं सीट रिक्त रह गयी है जिसकी सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड कर दी गयी है। अतएव छात्र–हित में स्पॉट राउण्ड के तहत नामांकन हेतु निम्न तरह से अपना नामांकन ले सकते हैः–

- अनामांकित आवेदित छात्र/छात्राऐं विश्वविद्यालय पोर्टल पर स्पॉट राउण्ड में ***"पहले आओ पहले पाओ"*** नीति के आधार पर रिक्त सीट के विरूद्ध ***दिनांक– 29.07.2024 से 03.08.2024 तक*** किसी भी महाविद्यालय में जहाँ सीट रिक्त है का चयन कर अपना ऑनलाईन चयन–पत्र (Selection letter) विश्वविद्यालय पोर्टल www.lnmu.ac.in से डाउनलोड कर चयनित महाविद्यालय में अपना नामांकन ले सकते हैं। स्पॉट राउण्ड नामांकन पोर्टल दिनांक– 29.07.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे से सक्रिय (Active) होगा।
- कुछ विषयों यथा जन्तु विज्ञान, इतिहास एवं हिन्दी में स्वीकृत सीटों से अधिक संख्या में नामांकन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। अतएव इन विषयों में काफी संख्या में छात्र/छात्रा अपना नामांकन नहीं ले पायेंगे। ऐसी स्थिति में छात्र/छात्रा मेजर विषय ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से परिवर्तित (Slide-up) कर अन्य विषय में अपना नामांकन ले सकते है परंतु अन्य विषयों से उपरोक्त विषय में विषय परिवर्तन (Slide-up) नही होगा। उपरोक्त विषयों के अतिरिक्त अन्य विषयों में भी अनामांकित छात्र/छात्राओं के लिए विषय परिवर्तन (Slide-up) की सुविधा दी गयी है। एक बार विषय परिवर्तन (Slide-up) के उपरान्त दोबारा विषय परिवर्तन (Slide-up) नहीं हो सकता है। अतएव छात्र/छात्रा सावधानी पूर्वक विषय परिवर्तन (Slide-up) करेंगे।
- बी0ए0/बी0एस0सी0/बी0कॉम0 सत्र– 2024–28 में नामांकन हेतु यदि कोई छात्र/छात्रा ऑनलाईन आवेदन नहीं कर पायें हो तो मेजर विषय (जन्तु विज्ञान, इतिहास एवं हिन्दी) को छोड़कर बाँकी सभी विषयों में ऑनलाईन आवेदन कर एवं चयन–पत्र डाउनलोड कर रिक्त सीटों के विरूद्ध अपना नामांकन ले सकते है।
- अनामांकित छात्र/छात्राओं को ऑनलाईन आवेदन भरते समय यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो गई हो तो ऐसे सभी प्रकार की त्रुटि सुधार कर स्पॉट राउण्ड में अपना नामांकन ले सकते है।



27/07/24

- सभी विषयों में रिक्त सीटों की उपलब्ध रहने पर हीं सेलेक्शन लेटर डाउनलोड होगा। सीट भर जाने पर सेलेक्शन लेटर डाउनलोड नहीं होगा।

प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि जिन विषयों में सीट रिक्त है उन सीटों को अनारक्षित मानते हुए सभी कोटि के अभ्यर्थियों का रिक्त सीटों के विरूद्ध नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे। स्पॉट राउण्ड में छात्र/छात्राओं का नामांकन के लिय विश्वविद्यालय द्वारा कोई सूची जारी नहीं की जायेगी। पूर्व में प्रथम एवं द्वितीय चयन सूची के आधार पर डाउनलोडेड चयन–पत्र के आधार पर नामांकन नहीं लिया जायेगा केवल स्पॉट राउण्ड के तहत डाउनलोड किये हुए चयन–पत्र के आधार पर हीं नामांकन लिया जाय। स्पॉट राउण्ड के तहत डाउनलोडेड चयन–पत्र एवं नामांकन हेतु सभी आवश्यक कागजातों की जाँचोपरान्त हीं अभ्यर्थियों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे। नामांकन के लिये अहर्ता से संबंधित पूर्व में प्रेषित पत्र छा0क0– 47/24 दिनांक– 20.06.2024 पत्र के अनुसार यथावत रहेंगे। नामांकित छात्र/छात्राओं का ***Update दिनांक– 05.08.2024 अपराह्न 4:00 बजे तक*** अनिवार्य रूप से कर लेंगे।

***नोटः–***

***प्रधानाचार्य को निदेशित किया जाता है कि स्पॉट राउण्ड के तहत डाउनलोडेड सेलेक्शन लेटर के बिना किसी भी छात्रों का नामांकन नहीं लेंगे। अगर सीट से अधिक नामांकन लेते है तो राज्यादेश का उलंघन माना जायेगा एवं इसकी सूचना राज्य सरकार को दे दी जायेगी एवं वैसे छात्र/छात्रा का किसी भी परिस्थिति में पंजीयन एवं परीक्षा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। इसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्रधानाचार्य की होगी।***

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

ह0/–

(प्रो0 विजय कुमार यादव)

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण

ज्ञापांक छा0क0– 63/24 दिनांक 27.07.24

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. **कुलपति के सचिव/कुलसचिव/वित्त पदाधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक** के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ।
2. **जिला नोडल पदाधिकारी,** दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
3. **नोडल पदाधिकारी/आई0टी0 सेल** (विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड हेतु) ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
4. **निदेशक**, यू0 एम0 आई0 एस0 सेल, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

27/07/2024

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण

27/07/24